
# गर्व से कहती हैं कमला-जरूरत पड़ी तो बाकी बेटों को भी भेजूंगी

# मां ने भारत माता की रक्षा के लिए भेजे दो सपूत

दो सपूतों को देश की सेवा में भेजकर मुझे गर्व होता है, गांव की गलियों से होकर जब मैं गुजरती हूं तो मुझे सम्मान की दृष्टिकोण से पूरा गांव देखता है। मुझे अपने दोनों बच्चों पर फक्र है जिन्होंने अपना जीवन भारत माता की रक्षा के लिए चुना है। मुझे पूरा भरोसा है कि मेरे बेटे पहलगाम के हत्यारों को सबक सिखाकर लौटेंगे। ग्राम कुरानकापा में दिनरात अपनी बच्चों की सलामती के लिए दुआ करती मां कमला बाई चतुर्वेदी ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए ये बातें कहीं।



टेकचंद कारडा ⏭ तखतपुर

मुंगेली जिले की पंचायत कुरानकापा एक छोटी सी पंचायत है और इस छोटी सी पंचायत के एक ही घर से दो युवकों में सेना के प्रति इतना प्रेम जागा कि उन्होंने अपने पिता रेशम लाल चतुर्वेदी के कृषि कार्य को आगे न बढ़ाकर देश की रक्षा के लिए सूचना में जाने का संकल्प लिया। मां कमला बाई चतुर्वेदी बताती हैं कि बच्चे शुरू से ही पढ़ने लिखने में काफी होनहार थे। देश में सेना के प्रति जज्बा रखने वाला रंजन चतुर्वेदी उनका पहला बेटा है जिसने सेना ज्वाइन की। 15 दिन पहले ही बेटा छुट्टियां बिताकर वापस पंजाब के पठानकोट गया तब उसे बताया कि भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव है इसके लिए कश्मीर में ड्यूटी लगाई गई है वहीं दूसरा बेटा सुनील चतुर्वेदी चार साल पहले अग्निवीर के माध्यम से देश की सेवा में चला गया है जो वर्तमान में कश्मीर में ही पाकिस्तान से दो दो हाथ कर रहा है। मां हमेशा ही अपने बच्चों के साथ पूरे देश की सलामती के लिए दुआ करती है। वह कहती है कि जब उसका बच्चा सलामत रहेगा तब पूरा देश खुश रहेगा।



## सुरक्षा कारणों से सपर्क कटा



मां कमला बाई चतुर्वेदी ने बताया कि सुरक्षा कारणों से मोबाइल टावर लोकेशन पता न चले इसके लिए दोनों बच्चों से लगभग 6 -7 दिन पहले बात हुई थी उन बच्चों ने घर में अपने भाई को बताया कि यहां स्थिति तनाव पूर्ण है। सेना के जवानों का लोकेशन पता चल जाती है। उसे जैसे ही मौका लगेगा घर में बात करेगा। घर में तीन भाई रिषी , आकाश, रमाकांत के संबंध में मां कहती है कि मेरे बेटे जो सेना में है उनसे हमें देश सेवा करने का जज्बा मिलता है। गांव में जब कभी भी कोई कार्य आन पड़ता है तो वे सबसे पहले आगे आते हैं पांच बेटों में दो को मैने मां भारती की सेवा के लिए भेजा है और जरूरत पड़ी तो मेरे और बेटे जरूर जाएंगे।

## देवर का बेटा शहीद हुआ तो अडिग रही मां, दोनों बेटों को दिखाई देश सेवा की राह





छत्तीसगढ़ के मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर जिले के नागपुर पंचायत की सोनमती साहू के दो बेटे हैं। दोनों बेटे के सेना में रहकर देश सेवा करने पर गर्व कर रही है। बड़े जिनकी उम्र 38 साल है वीर नारायण साहू एसटीएफ में दंतेवाड़ा में तैनात रहकर नक्सलियों से लोहा ले रहा है तो छोटा बेटा रामायण साहू जिनकी उम्र 36 साल है वो बीएसएफ में सिलीगुड़ी बॉर्डर में तैनात होकर देश की सुरक्षा कर रहा है सोनमती ने गर्व से बताया कि मेरे तीन बेटे सेना में जवान थे, जिसमे मेरे देवर का बेटा निकेश कुमार साहू जिसकी उम्र महज 24 साल थी जो बिहार के बेतिया में पदस्थ था वो 2023 में जुलाई माह में शहीद हो गया। अब मेरे दो बेटे वीर नारायण और राम नारायण सेना में रहकर देश सेवा में लगे है। हरिभूमि ने जब सोनमती से यह पूछा कि भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसे हालात चल रहे है तो उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने हमसे गलत करने वालो का साथ दिया है। हमेशा आतंकवादी हमला कराकर निर्दोष और देश सेवा में लगे नौजवान बेटों को शहीद किया है। सोनमती बताती है कि, जब उनका छोटा बेटा रामनारायण वाघा बॉर्डर में पदस्थ था तो उसने मुझे और अपने पिता को घुमाने बुलाया था वहां देश के वीर जवानों का देश के प्रति प्रेम जो मैंने देखा वो मुझे अंतिम सांस तक याद रहेगा।

## मेहनत-मजदूरी कर मां ने बच्चों को दी जनसेवा देशभक्ति की तालीम


संतोष दुबे ⏭ राजनांदगांव

देशभक्ति व जनसेवा का ऐसा जज्बा की बड़ा बेटा नक्सलियों से मोर्चा लेते शहीद हो गया। जिससे आंखे नम हुई, लेकिन शहीद की मां को बेटे के इस शहादत पर गर्व हुआ। मां ने अपने दूसरे बेटे को भी देशभक्ति व जनसेवा के पथ पर जाने की इजाजत दे दी। मेहनत-मजदूरी कर बच्चों को ऐसा संस्कार दिया कि आज उन्हें शहीद की मां होने का गौरव है। शहर से लगे जंगलपुर गांव की रहवासी श्रीमती उर्मिला साहू मेहनत-मजदूरी कर बच्चों को बेहतर परवरिश व शिक्षा दी। उनमें हमेशा से देशभक्त, जनसेवा व परोपकार की भावना रही। बच्चों को इसके लिए हमेशा प्रेरित भी करती रही। पढ़-लिखकर बच्चे बड़े हो गए, तब उनका बड़ा बेटा पूर्णानंद साहू ने वर्ष 2023 सीआरपीएफ ज्वाईन कर लिया। वे सीआरपीएफ कोबरा कमांडो 204 बटालियन में रहकर देशसेवा में थे।



### दूसरे बेटे को भी दी इजाजत

इधर मां उर्मिला का छोटा बेटा अपने बड़े भाई के पदचिन्हों पर चलते हुए उनके मन में भी देशभक्ति, जनसेवा व परोपकार की भावना प्रबल होते गई, तब उन्होंने भी वर्ष 2024 को सीआरपीएफ ज्वाईन किया। इसके लिए मां उर्मिला ने खुशी-खुशी इजाजत दी। उनके परिजनों ने भी देश व जनसेवा की राह पर चलने के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी। मां उर्मिला बताती है कि उन्होंने मेहनत-मजदूरी कर बच्चों को शिक्षा व संस्कार दिया। उन्होंने डबडबाई आंखों और रूधे हुए स्वर में कहा कि उनका बड़ा बेटा देशसेवा के लिए शहीद हो गया। जिससे उन्हें गर्व है कि उनका बेटा देश के काम आया। उन्होंने बताया कि छोटा बेटा भी देश व जनसेवा में है।



हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

इस मदर्स डे पर
वीरांगना मां को
सलाम...



मरणोपरांत मिला था राजस्थान के महिपाल यादव को शौर्य चक्र

मां की जिम्मेदारी निभाते हुए पूरा किया देश के प्रति अपना फर्ज

गोद में दो साल की बेटी लिए शुरू की दोबारा पढ़ाई, अब कई उपाधियां

बस्तर में नक्सल हिंसा में शहीद हुए जवानों के पुत्र भी नक्सलियों से ले रहे लोहा

# पति के बाद बेटे-बेटियों को भेजा सेना में...कहा-
# मां से पहले... भारत मां का हक

*एक मां जन्म देती है। दूसरी भारत मां के आंचल में हम पलते-बढ़े होते हैं। अपने वतन की मिट्टी में, हवा में यहां के संस्कारों से हम आकार लेते हैं। हमारी रगो में दोनों ही मां का रक्त प्रवाहित होता है। रक्त का एक-एक कतरा जन्मदायी मां और भारत मां के लिए न्योछावर कर देना हमारे संस्कार हैं। यह संस्कार देती है मां। वह मां जो अपने सुहाग को, अपने पुत्र को, अपनी निर्भय, निडर पुत्री को देश की सेवा में भेजने से हिचकती नहीं है। ऐसी मां जिसका सुहाग देश की सेवा करते हुए शहीद हुआ तो मां ने बेटे-बेटियों से कहा-मुझसे ज्यादा हक वतन का तुम पर। तुम्हें इस धरा का कर्ज चुकाना है। इस मदर्स डे पर ऐसी ही मांओं की कहानियां...इस मदर्स डे पर। जिन्होंने भारत मां की खातिर अपने पति के बाद पुत्र और पुत्रियों को भारत मां की सेवा के लिए भेज दिया।*

## नक्सली हमले में हुई पति की शहादत, अब बेटी बढ़ा रही मान



हफीज खान ▶▶| राजनांदगांव

पति का साथ छूटा, लेकिन हौसला नहीं टूटा। उस मां ने अपने जज्बातों को संभाल और पति की तरह ही बेटी को भी पुलिस की वर्दी पहनाई। शहर के पेंड्री वार्ड में रहने वाली रेणु झा के पति रितेश झा नक्सलियों के हमले में शहीद हो गए थे। पति की शहादत के बाद मां और पिता दोनों की जिम्मेदारी को रेणु झा ने बखूबी निभाया। पति की शहादत के दौरान अपनी दो मासूम बच्चियों की परवरिश का पूरा जिम्मा रेणु के कांधे पर आ गया। संघर्ष भरे हालातों से वह लड़ती रही और मां के हौसलों के सामने हर मुसीबत हारती चली गई। एक तरफ जहां पति की शहादत का गर्व था। वहीं दूसरी ओर बेटियों की चिंता, लेकिन रेणु ने हालातों को हावी नहीं होने दिया। उन्होंने पति के बाद अपनी बेटी को भी पुलिस विभाग में इसी देशसेवा के जज्बे के साथ भेजा, जो जज्बा ▶▶|शेष पेज 3 पर

- पति की हुई शहादत तो मां ने बेटी को बनाया आरक्षक

### नक्सल हमले में शहीद

शहीद आरक्षक रितेश झा देशसेवा का जज्बा लिए वर्ष 2006 में बीजापुर जिला पुलिस बल में शामिल हुए। उनके 4 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण हुई थी। ऐसे में नक्सल मोर्चे में तैनात रितेश झा पामेड़ थाना क्षेत्र में हुए नक्सली हमले में शहीद हो गए।



## पति की शहादत के बाद मां ने दिखाई धरा-सी दृढ़ता भैंस पालकर बेटियों को पढ़ाया, बनाया नेवी ऑफिसर

*मैं मीना यादव राजस्थान और हरियाणा बॉर्डर के पास एक छोटे से गांव में पैदा हुई थी। दसवीं कक्षा तक ही पढ़ाई कर पाई थी मैं। 20 साल की उम्र में सेना में जवान महिपाल यादव संग ब्याही गई। पति बहुत ख्याल रखते थे। सेना में थे, इसलिए तीन-तीन महीने तक भी सेवा के लिए बाहर रहना पड़ता था। जब कभी घर आते बेटियों पर खूब प्यार लुटाते।*

रुचि वर्मा ▶▶| राजस्थान

शादी के बाद जिस तरह के सुंदर जीवन का सपना किसी भी लड़की का होता है, वो मेरे पास था। सबकुछ अच्छा चल रहा था कि 29 जुलाई 1996 का दिन आया। मेरे पति की तैनाती एक बायो शिप पर थी। शिप के निचले हिस्से में कुछ खराबी आ गई। पति ने फैसला किया कि वे नीचे जाएंगे। खराबी ठीक की। शिप में तैनात बाकी साथियों की जान बचाने में तो वे कामयाब हो गए, लेकिन मैंने अपना पति और मेरी बेटियों ने अपना पिता हमेशा के लिए खो दिया। मरणोपरांत उन्हें शौर्य चक्र मिला। पति को खोने का गम तो था, लेकिन जब राष्ट्रपति ने शौर्य चक्र प्रदान किया तो सिर फर्क से ऊंचा हो गया।

पति के जाने के बाद मेरे ऊपर दो बेटियों की जिम्मेदारी आ गई। मैंने हार नहीं मानी। फैसला किया कि मेरे पति ने सेवा का जो मिशन शुरू किया है, उसे मेरी बेटियां आगे बढ़ाएंगी। फैसला लेने के बाद उसे पूरा करने का वक्त था। मैंने ▶▶|शेष पेज 3 पर

- मां की तपस्या... दो बेटियों में एक डॉक्टर और एक पिता के नक्शेकदम पर
- मदर्स डे पर घर आने वाली थी बेटी, लेकिन आपातकाल के कारण रद्द हो गई छुट्टी



### धरती मां से बड़ा कुछ नहीं

मेरे लिए मेरा देश पहले है। भारत मां सबसे पहले। उसके लिए कुछ भी कुर्बान किया जा सकता है। पति की शहादत का दर्द असहनीय होता है। उसके बाद बेटी को नेवी में भेजते वक्त मुझे कोई संकोच नहीं हुआ। देश की सेवा के लिए एक जान तो क्या सौ जन्म कुर्बान किए जा सकते हैं। मेरी बेटी पर मुझसे पहले भारत मां का हक है। वह अपना फर्ज निभा रही है। मैं एक मां के तौर पर गर्व महसूस करती हूं।

### छोटी बेटी पिता की राह पर

छोटी बेटी मनीषा यादव नेवी में ऑफिसर है। अभी दिल्ली में सेवा दे रही है। रविवार को घर आने वाली थी, लेकिन उसका फोन आया कि भारत-पाक युद्ध के हालात के चलते उसकी छुट्टियां रद्द हो गई है। बेटी की छुट्टियां कैंसिल होने का दुख नहीं है, बल्कि मुझे गर्व है कि इस मुश्किल वक्त में वे देश के लिए डटी हुई है। मैं चाहती हूं कि पाक को सबक मिले। निर्दोष पर्यटकों को मारकर उन्हें क्या हासिल हुआ? उन्हें ऐसा जवाब दिया जाए कि वो दोबारा ऐसी हरकत ना करे।

अपने सपूतों पर गर्व है मुझे....

## आशा का एक बेटा देश के लिए परिवार सहित न्यौछावर हो गया दूसरा सीमा की रक्षा कर रहा



**जितेन्द्र मेहर, रायगढ़।** रायगढ़ शहर में आशा नाम की एक ऐसी मां भी हैं जिन्होंने अपने एक बेटे को देश के लिए न्योछावर कर दिया। बड़ा बेटा कर्नल विप्लव त्रिपाठी भारत माता की रक्षा करते-करते परिवार सहित शहीद हो गया तो दूसरा बेटा कर्नल अनय त्रिपाठी आज बॉर्डर पर तैनात होकर दुश्मनों से लोहा ले रहा है। इस मां की ममता, धैर्य और अदम्य साहस की पूरे प्रदेश ही नहीं बल्कि देश में भी प्रशंसा हो रही है। गर्ल्स कॉलेज की रिटायर्ड लाइब्रेरियन, समाजसेविका, लेखिका सुभाष त्रिपाठी की धर्मपत्नी आशा त्रिपाठी की दास्तां हर कोई सुनना चाहता है। आशा त्रिपाठी ने अपने जीवन में कई नेक काम किए हैं, जिनकी चर्चा आज भी होती है। उनके जीवन में उनकी सबसे बड़ी कुर्बानी यह रही कि उन्होंने अपने दोनों बेटों को सेना में जाने के लिए प्रोत्साहित किया। हर मां अपने बेटों की लंबी आयु की कामना करती हैं और उन्हें खोने के डर से सेना में जाने से रोकती नजर आती हैं, लेकिन आशा त्रिपाठी एक ऐसी ▶▶|शेष पेज 3 पर



आशा त्रिपाठी, मां

### पाकिस्तान के 6 आतंकियों को मार गिराया

शहीद की मां कहती हैं कि उनके बड़े बेटे कर्नल विप्लव त्रिपाठी का जन्म 20 मई 1981 को रायगढ़ के जिला चिकित्सालय में हुआ था। शहीद विप्लव त्रिपाठी की प्राथमिक शिक्षा कॉर्मल कॉन्वेंट स्कूल में हुई। इसके बाद आशा के ही प्रोत्साहन पर शहीद विप्लव ने सैनिक स्कूल में रीवा से हायर सेकेंडरी की शिक्षा पूरी की। फिर राष्ट्रीय रक्षा अकादमी पुणे में तीन वर्ष शिक्षा प्राप्त करने के बाद उन्हें भारतीय सैन्य अकादमी देहरादून में अध्ययन के लिए चयन किया गया। 2003 में आईएमए ▶▶|शेष पेज 3 पर

## पति कश्मीर में ब्लास्ट में शहीद हुए उस वक्त गोद में थी 8 माह की बेटी

**नई दिल्ली।** मैं लेफ्टिनेंट कर्नल गीतांजली चौधरी... जब पति को खोया तो 8 माह की बेटी गोद में थी। पिता फौज में थे तो चाहती थी कि पति भी फौज में हों। एक सामान्य गृहस्थ जीवन की चाह थी बस। पति मेजर संदीप चौधरी से 1992 में शादी हुई थी। उस वक्त सिर्फ 21 साल की थी। पहले राजस्थान और फिर कश्मीर में पोस्टिंग हुई। उन्हें हमेशा से ही बेटी चाहिए थी। जब बेटी हुई तो हमने उसका नाम तनीषा रखा। बेटी उनके साथ बहुत कम वक्त बीता पाई। श्रीनगर में टीम के साथ ऑपरेशन के दौरान वे आईईडी ब्लास्ट में शहीद हो गए। उनके जाने के बाद मैं टूट गई। अपनी बेटी के लिए अपने आप को दोबारा संभाला। शादी के पहले अमृतसर से स्नातक तक की पढ़ाई पूरी कर ली थी। अब मैंने अपने पति के नक्शेकदम पर चलते हुए देशसेवा करने का फैसला लिया और सेना में जाने की तैयारी करने लगी। मैंने एसएसबी की परीक्षा में टॉप किया था। सितंबर 1998 में चेन्नई के ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकेडमी में ज्वॉइनिंग दी। यहां से देशसेवा के पति के जज्बात को आगे बढ़ाया। देश ▶▶|शेष पेज 3 पर

- लेफ्टिनेंट कर्नल गीतांजली चौधरी ने पति की मौत के बाद किया था एसएसबी में टॉप
- अपनी बेटी के लिए अपने आप को दोबारा संभाला





## गोद में बेटी को लेकर पढ़ाई कर बनी फौज में अफसर

**नई दिल्ली।** मैं मीनाक्षी चंदन पटना के दानापुर कैंट के पास एक छोटे से गांव में 1981 में जन्मी थी। 19 साल की थी, जब शादी हुई। 12वीं तक की पढ़ाई पूरी कर पाई थी उस वक्त तक। नवंबर 2000 में शादी हुई। एक साल बाद दिसंबर 2001 में एक नन्ही परी घर आई।



हमने उसका नाम रखा-नुपुर। मातृत्व सुख ने जीवन पूर्ण किया। लेकिन 5 अप्रैल 2003 में उस वक्त जिंदगी बिखर गई, जब सियाचीन में ऑपरेश मेघदूत के वक्त पति मेजर अमित कुमार चंदन शहीद हो गए। उनकी शहादत पर फक्र तो था, साथ ही बेटी की जिम्मेदारी भी थी। बेटी की खातिर पढ़ाई दोबारा शुरु करने का फैसला किया। मैं दिल्ली शिफ्ट हो गई। दो साल की बेटी को गोद में लिए पढ़ाई पूरी की, बीएड-एमएड सहित कई डिग्रियां हासिल की और कॉलेज में प्राध्यापक हो ▶▶|शेष पेज 3 पर

## पति के शहादत के बाद मां ने बेटों को भेजा देश सेवा के लिए



**राजेश दासः जगदलपुर।** किसी भी संतान के लिए मां का स्थान सबसे उपर होता है गर्भ में नौ महिने तक रखने के दौरान जो कष्ट मां को होता है वह दुनिया में किसी अन्य को नहीं होता इसलिए मां को सबसे पूज्य व महानता की मूरत कहा गया है। आज मदर्स डे है उस मां की त्याग, तपस्या और उसकी लगन निष्ठा को रेखांकित करेगें जब वह पति के शहादत के बाद अपने बच्चों को देश की सेवा के लिए फौज या फोर्स में भेजने के लिए कड़ी मेहनत की जो उसके त्याग को दर्शाता है। हम बात कर रहे है उन वीरों की जो बस्तर में नक्सलियों से लड़ते हुए देश के लिए अपनी जान न्यौछावर कर दी। पति की शहादत के बाद मां ने अपने वीर बेटों को देश की सेवा के ▶▶|शेष पेज 3 पर






# तरकश

संजय के. दीक्षित

## प्रशासनिक सर्जिकल स्ट्राईक

कुछ दिन पहले कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों के ट्रांसफर में सरकार ने एकाध सर्जिकल स्ट्राईक किया था। दीगर राज्य के एक बड़े नेता की सिफारिशी कलेक्टर की हरकतें जब सीमा को लांघने लगी तो सरकार ने उनकी छुट्टी कर दी। मगर टारगेट अभी भी कई हैं। सूबे में ऐसे अफसरों की कमी नहीं, जो सिफारिशों के बल पर अंगद की तरह कुर्सी पर जमे हुए हैं। किसी के लिए इस राज्य के नेता का फोन आता है, तो किसी के लिए फलां स्टेट से। पिछली कांग्रेस सरकार में एक महिला आईएएस ने दिल्ली बीजेपी के एक ऐसे बड़े आदमी से फोन कराया कि विरोधी सरकार होने के बाद भी कोई आह-उंह नहीं हुआ...स्टेट में ज्वाईनिंग का नियम तोड़ सरकार ने चुपके से ऐसे आर्डर निकाल दिया कि किसी को पता नहीं चल पाया। जबकि, ऋतु सेन को छत्तीसगढ़ आकर ज्वाईन करना पड़ा, फिर उन्हें दिल्ली में पोस्टिंग मिली। आईएएस, आईपीएस, आईएफएस, ये सभी सर्विसों में हो रहा है...अफसर परिस्थितिजन्य फायदा उठा रहे हैं। कायदे से तगड़ा सर्जिकल स्ट्राईक की जरूरत है। सरकार जब तक योग्य और काबिल लोगों की फील्ड में पोस्टिंग नहीं करेगी, तब तक उसके गुड गवर्नेंस का मिशन पूरा नहीं होगा। सिफारिशी पोस्टिंग वाले 10 परसेंट अधिकारी ही सरकार के सिस्टम को पलीता लगा रहे हैं।

## पीएचक्यू का टॉलरेंस

भारत-पाकिस्तान तनाव के दौरान मानपुर-मोहला पुलिस ने पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र के फौजी के छोटे भाई को इसलिए दो दिन थाने में बिठा लिया कि उसे एक लाख रुपए रिश्वत नहीं मिला। मामला छत्तीसगढ़ से खेती-किसानी के लिए एक जोड़ी बैल खरीदकर ले जाने का था। मोहला-मानपुर पुलिस ने मवेशी तस्करी का केस बनाने की धमकी देकर उसे हिरासत में ले लिया। इस बीच पीड़ति युवक की मां चल बसी...अंत्येष्टि में टाईम पर गांव नहीं पहुंच पाने पर लोगों का गुस्सा भड़क गया। बात महाराष्ट्र से होते हुए छत्तीसगढ़ के पुलिस मुख्यालय तक पहुंची। अफसरों ने मानपुर-मोहला के बड़े अफसर को फोन लगाकर पूछा, तो उनका जवाब हैरान करने वाला था। जिले के अफसर ने कहा...सर, रिश्वत की रकम वापिस हो गई है तो अब क्या कार्रवाई की जाए। पीएचक्यू नाराज हुआ, तब जाकर अफसर ने अपने प्रिय वसूलीबाज थानेदार को सस्पेंड किया। याने दूसरे राज्य में छत्तीसगढ़ का नाम खराब करने की सजा सिर्फ थानेदार का निलंबन। इससे ज्यादा पीएचक्यू कुछ कर भी नहीं सकता। कौवा मारकर टांगने का पावर उसके पास है नहीं। कुछ एक्सट्रा रसूखदार केस में सिस्टम भी हाथ खड़ा कर देता है। ऐसे में फिर पोलिसिंग की बात करना बेमानी है।

## कप्तान....पानी-पानी

इस सरकार में पुलिस मुख्यालय के अफसरों को कम-से-कम इस बात का फ्रीडम मिला है कि वे पुलिस अधिकारियों को आईना दिखा सकते हैं। इस मौके का इस्तेमाल भी किया जा रहा है। पीएचक्यू के प्रेशर में 200 करोड़ का वाहन घोटाले पर नकैल कसा गया है। पिछले दिनों एसपी कांफ्रेंस में खुफिया चीफ अमित कुमार ने एसपी लोगों से दो टूक कहा कि न मैं और न डीजीपी साब...किसी ने एक टीआई की नियुक्ति को लेकर फोन किया होगा। तुमलोग अपने मन से थानेदारों की नियुक्ति कर रहे हो...फिर क्राईम काब में क्यों नहीं आ रहा। इस पर एसपी लोग बगले झांक रहे थे।

## भावी सीएस एसी में और बेचारे...

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ मुख्य सचिव अमिताभ जैन भी सुशासन तिहार में लगातार जा रहे हैं। अमिताभ के रिटायरमेंट में अब बमुश्किल 40 दिन बच गए हैं। ऐसे में, बेचारे का मई की गरमी में घूमना लोगों को इसलिए खटक रहा कि जिनको उनके बाद प्रदेश की प्रशासनिक कमान संभालनी है, वे मंत्रालय के एसी कमरों में बैठे हुए हैं और जो पिछले पांच साल में ऐसे कई दौरे कर चुके हैं, वे जाते-जाते तपती धूप का सामना कर रहे हैं। हालांकि, सरकार की भी मजबूरी है। जिन्हें चीफ सिकरेट्री बनाना है, उसे लेकर सीएम अपने साथ घूमने लगे तो फिर सारा कुछ पहले ही एक्सपोज हो जाएगा। फिर भी, नए सीएस के लिए यह अच्छा मौका था...प्रदेश की जमीनी हकीकत से वाकिफ होने का...सारे कलेक्टरों का नब्ज भी उन्हें पता चल जाता। अब 30 जून को जो नया मुख्य सचिव बनेगा, उनको क्या पता रहेगा कि सीएम का ये 36 पेज वाला एजेंडा क्या है और कलेक्टरों ने इसमें क्या रिस्पांस दिया है।

## खाता-बही वाले मंत्रीजी

खरीदी-सप्लाई का हिस्सा न पहुंचने से पीए ने मंत्रीजी को चुगली कर दी...साब जिले वाला एजेंट पैसा दबा दे रहा है। फिर क्या था...मंत्रीजी ने राजनांदगांव के अधिकारियों को बुला लिया। फिर उनके सामने खाता-बही खोलकर बैठ गए...इतने की खरीदी हुई तो फिर इसका 15 परसेंट पहुंचाए क्यों नहीं? अधिकारी बेचारे गिड़गिड़ा रहे थे...सर, टेंडर नियम से हुआ है...इसमें कुछ मिलता नहीं...मगर मंत्रीजी मानने के लिए तैयार नहीं थे...दो टूक धमकी दे डाले...ऐसा नहीं चलेगा। दरअसल, मंत्रीजी सभी जिलों में एक-एक प्रायवेट वसूली एजेंट नियुक्त कर रखे हैं। इस वजह से पीए कसमसा रहे हैं। इस वजह से मंत्री के पीए और एजेंटों में टकराव की स्थिति निर्मित होती जा रही है। सही भी है...पेट की चोट पीए लोग कैसे बर्दाश्त करेंगे।

## समझदार मंत्री, समझदार अफसर

होशियार मंत्री और अफसर अपने स्टॉफ की नियुक्ति के मामले में बड़े चौकस रहते हैं। वे तगड़ी स्क्रीनिंग के बाद अपने पीए अपाइंट करते हैं। रमन सरकार के दौरान दो मंत्री इस मामले में हमेशा अलर्ट रहे तो पिछली कांग्रेस सरकार में किसी भी मंत्री ने इस महत्वपूर्ण बिंदु पर ध्यान नहीं दिया। इस सरकार की, तो 10 में से सिर्फ एक मंत्री ऐसे हैं, जिनके स्टॉफ को अहम मामलों की भनक नहीं लग पाती। अफसरों के साथ भी यही है। ब्यूरोक्रेसी में जो अफसर स्टडी नहीं करता, उन्हें पीए अपने इशारों पर नचाते हैं। कई नौकरशाहों के पीए ऐसी फाइलों पर हस्ताक्षर करा लेते हैं, जिसमें जांच हो जाए तो जेल जाने से उन्हें कोई बचा नहीं पाएगा। फिर दूसरा इंपोर्टेंट यह कि पीए लोगों से कनेक्ट होने में सबसे बड़े ब्रेकर होते हैं। वे मंत्री या अफसर से आसानी से मिलने नहीं देंगे। अगर मंत्री या अफसर से आपको बिना किसी अवरोध के मिलना है तो उसका एक ही उपाय है...पीए की खुशामद के साथ कुछ चढ़ावा चढ़ाते रहिये।

## पीए की ऐसी छुट्टी

बात निकली पीए के ब्रेकर बनने की, तो एक पुरानी घटना जेहन में आ गई। बात नवंबर या दिसंबर 2011 की होगी। सुनिल कुमार उसी समय लंबे डेपुटेशन से दिल्ली से रायपुर लौटे थे, या यों कहें बुलाए गए थे। थोड़े दिन के लिए वे यहां एसीएस स्कूल शिक्षा रहे। इसके बाद जनवरी 2012 में वे पी जाय उम्मेन के हटने के बाद सीएस बन गए थे। बहरहाल, बात मुद्दे की। सुनिल कुमार से पुरानी जान-पहचान थी, ज्वाईनिंग के बाद एकाध मुलाकात हो चुकी थी। उसके बाद एक दिन मैंने उनसे मिलने के लिए फोन लगाया, उन्होंने मुझे शाम पांच बजे का टाईम दिया। नियत टाईम पर पुराने मंत्रालय पहुंच कर उनके पीए को मैंने अपना विजिटिंग कार्ड दिया। पीए के रिप्लाई से मैं सोच में पड़ गया...सुनिल कुमार तो ऐसे नहीं करते। पीए ने स्पष्ट तौर से कहा...साब अभी मीटिंग में हैं, अभी नहीं मिल सकते। मैं बरामदे में खड़ा होकर कुछ देर सोचा। फिर तय किया कि उन्हें कम-से-कम सूचित कर दूं कि मैं टाईम पर मंत्रालय पहुंच गया था। उन्हें फोन कर बताया, मैं मिलने आया था...मेरा वाक्य पूरा भी नहीं हुआ कि वे बोले...आइये, अंदर आ आइये। भीतर गया तो देखा कोई मीटिंग नहीं। वे किसी फाइल को पढ़ रहे थे। कुछ देर बैठने के बाद मैं पीए के बारे में बताया...सुनकर वे आवाक रह गए। उस समय पीए को बुलाकर वे डांटे या नहीं, इसे मैं रिकॉल नहीं कर पा रहा मगर अगले दिन पता चला कि पीए की वहां से छुट्टी हो गई। जाहिर है, पीए ने वह हरकत नहीं की होती तो वो सुनिल कुमार के साथ मुख्य सचिव सचिवालय भी गया होता। सार यह है कि पीए अगर आपने ढंग का नहीं रखा तो फिर आपको वो अलोकप्रिय बना देगा। क्योंकि, हर आदमी अफसर या मंत्री से पीए की शिकायत कर नहीं पाता।

## 32 की जगह चार

रमन सिंह सरकार के दौर में आईएफएस अफसरों का स्वर्णिम दौर रहा। तब एक समय 32 आईएफए डेपुटेशन में राज्य सरकार में विभिन्न बोर्ड और कारपोरेशनों को संभाल रहे थे। रमन सिंह की दूसरी पारी में सुब्रमणियम सिकरेट्री टू सीएम की कुर्सी तक पहुंच गए थे। नया रायपुर को बनाने वाले एसएस बजाज भी आईएफएस थे। अनिल राय लंबे समय तक पीडब्लूडी सिकरेट्री रहे तो राकेश चतुर्वेदी, संजय शुक्ला, स्व0 देवेंद्र सिंह और सुनील मिश्रा भी कई अहम पदों पर रहे। मगर अब आलम यह है कि यह संख्या चार पर सिमट गई है। अरुण प्रसाद मेंबर सिकरेट्री पौल्यूशन बोर्ड, जगदीशन डायेक्टर हार्टिकल्चर, विवेक आचार्य एमडी टूरिज्म और कल्चर तथा विश्वेष कुमार एमडी सीएसआईडीसी। दरअसल, अब आईएएस में डायरेक्टर, एमडी लेवल के अफसरों पर संख्या काफी बढ़ गई है। उधर, आईएफएस में भी उस तरह के अफसर बचे नहीं, जिनका काम अच्छा हो और राज्य सरकार में कनेक्शन भी।

## अंत में दो सवाल आपसे

1. वो कौन सी खास वजह है कि दूरस्थ और छोटे जिले बोर्ड परीक्षाओं में बाजी मार ले जाते हैं और बड़े शहरों के कोचिंग और ट्यूशन करने वाले बच्चे पीछे?
2. भारत-पाक में सीजफायर की खबर से छत्तीसगढ़ में वो कौन तीन लोग हैं, जो सबसे अधिक खुश हुए होंगे?

# चतुर्थ श्रेणी पद में कार्यरत कर्मचारियों का संशोधित वेतनमान देने का निर्देश

बिलासपुर। हाईकोर्ट ने कलेक्टर दर में पिछले 16-17 वर्ष से चतुर्थ श्रेणी पद में कार्यरत कर्मचारियों का नियमितकरण व संशोधित वेतनमान नहीं दिए जाने को अवैध करार दिया है। कोर्ट ने शासन को याचिकाकर्ताओं के मामले में विचार कर संशोधित वेतनमान देने का निर्देश दिया है।



वर्ष 2008 में दुर्ग, राजनांदगांव, बालोद सहित अन्य जगह वनमंडल अधिकारी द्वारा कलेक्टर दर पर चौकीदार के रिक्त पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया। इसके बाद लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के उपरांत याचिकाकर्ता महेन्द्र कुमार ठाकुर, प्रशांत रंगारी, भोजराज, पोशन कुमार, श्रीमती ममता की चौकीदार के पद में नियुक्ति की गई। नियुक्ति के बाद इनके सेवा पुस्तिका भी तैयार किया गया। 16-17 वर्ष की सेवा के बाद भी उन्हें नियमित व संशोधित वेतनमान नहीं दिए जाने पर हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की। याचिका में कहा गया कि नियुक्ति के बाद से याचिकाकर्ता चौकीदार के रिक्त पदों पर ही काम कर रहे। राज्य शासन के 10 मई 1984 के परिपत्र में कार्यभारित, अकास्मिक निधि से कार्यरत कर्मचारियों की सेवा 5 वर्ष होने पर उनके कार्य अनुभव के अनुसार नियमितकरण एवं संशोधित वेतनमान दिए जाने का प्रावधान है। याचिका में जस्टिस नरेश कुमार चंद्रवंशी की कोर्ट में सुनवाई हुई। संशोधित वेतनमान देने का निर्देश दिया है।

# 16 साल में पहली बार, तय समय से 4 दिन पहले मानसून!

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नई दिल्ली

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने रविवार को कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून के 27 मई को केरल पहुंचने की संभावना है, जो आमतौर पर एक जून को दस्तक देता है। आईएमडी के आंकड़े के अनुसार, यदि मानसून केरल में उम्मीद के अनुरूप पहुंचता है, तो यह 2009 के बाद से भारतीय मुख्य भूमि पर मानसून का समय से पहले आगमन होगा। तब मानसून ने 23 मई को दस्तक दी थी। भारतीय मुख्य भूमि पर मानसून के आगमन की आधिकारिक घोषणा तब की जाती है जब यह केरल पहुंचता है, आमतौर पर एक जून के आसपास। दक्षिण-पश्चिम मानसून 8 जुलाई तक पूरे देश में छा जाता है। यह 17 सितंबर के आसपास उत्तर-पश्चिम भारत से पीछे हटना शुरू करता है और 15 अक्टूबर तक पूरी तरह से वापस हो जाता है। मानसून पिछले साल 30 मई को दक्षिणी राज्य में आया था, 2023 में 8 जून को, 2022 में 29 मई को, 2021 में 3 जून को, 2020 में 1 जून को, 2019 में 8 जून को और 2018 में 29 मई को केरल आया था। आईएमडी के एक अधिकारी ने कहा कि मानसून के आगमन की तिथि और पूरे देश में इस मौसम में होने वाली कुल वर्षा के बीच कोई सीधा संबंध नहीं है। अधिकारी ने कहा, केरल में मानसून के जल्दी या देर से पहुंचने का मतलब यह नहीं है कि यह देश के अन्य हिस्सों में भी इसी तरह पहुंचेगा। यह बड़े पैमाने पर परिवर्तनशीलता और वैश्विक, क्षेत्रीय और स्थानीय स्थितियों पर निर्भर होता है।

## आईएमडी के अनुसार मानसून के 27 मई को केरल पहुंचने की संभावना

### सामान्य से अधिक वर्षा का अनुमान

आईएमडी ने अप्रैल में 2025 के मानसून में सामान्य से अधिक कुल वर्षा का पूर्वानुमान जताया था। अल नीनो परिस्थितियों की संभावना को खारिज कर दिया था, जो भारतीय उपमहाद्वीप में सामान्य से कम वर्षा से जुड़ी है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय में सचिव एम रविचंद्रन ने कहा था, भारत में चार महीने के मानसून (जून से सितंबर) में सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना है।



**टूटेगा रिकॉर्ड** मौसम विभाग के मुताबिक, अगर मानसून 27 मई को आता है तो यह 16 साल में पहली बार होगा, जब यह इतनी जल्दी दस्तक देगा। 2009 में 23 मई को और 2024 में 30 मई को मानसून ने केरल में दस्तक दी थी। इसके अलावा 2018 में 29 मई को मानसून आया था।

### 1972 में सबसे देरी से केरल पहुंचा था मानसून

आईएमडी के आंकड़ों के मुताबिक, बीते 150 साल में मानसून के केरल पहुंचने की तारीखें काफी अलग रही हैं। 1918 में मानसून सबसे पहले 11 मई को केरल पहुंच गया था, जबकि 1972 में सबसे देरी से 18 जून को केरल पहुंचा था।

# दुनिया की अजब-गजब महिलाएं, किसी के दो सिर तो बिना पैरों वाली बनी सफल मॉडल

नई दिल्ली। अमेरिका में रहने वाली 28 वर्षीय लीसी वेलास्केज को दुनिया की सबसे बदसूरत महिला माना जाता है। इसकी वजह है उनकी गंभीर बीमारी। दरअसल लीसी नीयोनेटेल प्रोजेनरॉडय सिंड्रॉम से ग्रसित हैं, यह प्रोजेरिया की तरह ही होता है। इसमें पीड़ित का शरीर पनपता नहीं है। इसके बावजूद लीसी अपनी जिंदगी को बेहतर तरीके से जी रही हैं।

### एमी मुलिंस

अमेरिका के पेंसेल्वेनिया में रहने वाली एमी मुलिंस कई लोगों के लिए रोल मॉडल हैं। 41 साल की एमी पेशे से एथलीट और मॉडल हैं। इनके जन्म से ही दोनों पैर खराब हैं, इसके बावजूद एमी ने हार नहीं मानी। और वह कृत्रिम पैरों से कमाल कर रही हैं।



### एबी एंड ब्रिटनी, शरीर से एक




अमेरिकन रिएल्टी शो में नजर आने वाली एबी एंड ब्रिटनी शरीर से तो एक हैं लेकिन उनके सिर दो हैं। यानी कि गर्दन के नीचे का दोनों का शरीर एक ही है।

### सुपात्रा ससुफेन



बैंकाक की सुपात्रा दुनिया की सबसे ज्यादा बालों वाली महिला हैं। यानी कि सुपात्रा का पूरा चेहरा बालों से ढका हुआ है। होंठों और आखों को छोड़ दिया जाए तो हर जगह बड़े-बड़े बाल हैं।


**स्टेसी हेराल्ड :** यूएस में रहने वाली स्टेसी हेराल्ड दुनिया की सबसे कम हाइट की मां हैं। उनकी हाइट सिर्फ दो फुट चार इंच है। स्टेसी ने साल 2000 में 5 फीट 9 इंच लंबे विल से शादी की थी और अब तक वह तीन बार मां बन चुकी हैं।



# शौक के चक्कर में महिला ने बर्बाद किया अपना परी जैसा चेहरा

लंदन। हर इंसान के अपने-अपने शौक होते हैं। जिनके बारे में जानकर कई लोगों को जहां मजा आता है और उन शौक को लोग कॉपी करने करने के बारे में सोचते हैं, लेकिन कुछ लोगों के शौक ऐसे होते हैं, जिन्हें देखने के बाद दूसरे को झटका लगता है। आज हम आपको एक ऐसी ही महिला के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसका शौक काफी अजीबोगरीब और इसके बारे में जानने के बाद आप हैरान रह जाएंगे, क्योंकि इस महिला को इंसानों के अंग जमा करने का शौक है। इस बात की जानकारी जब लोगों को हुई तो हर कोई हैरान रह गया। हर इंसान को कुदरत ने अलग चेहरा दिया है, जिसकी अपनी एक खासियत होती है।

















हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com